07672
231028

तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांक/3/स्था/बी/2009/ 140 /भोपाल दिनांक 24 /जनवरी/2009

प्रति,

कोषालय अधिकारी,
जिला–कोषालय ।
सतना (मध्यप्रदेश)।

विषय :– अस्थाई पदों के निरन्तरता के संबंध में।

––00––

इस संचालनालय के अधीनस्थ पोलीटेकनिक संस्थाओं में आयोजना मद में स्वीकृत अस्थाइ पदों को दिनांक 01.03.2007 से 28.02.2012 तक निरन्तरता के लिये स्थाई वित्तीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई है। तथा आयोजना मद में स्वीकृत अस्थाई पदों के निरन्तरता के लिये शासन स्तर पर कार्यवाही जारी है। निरन्तरता के आदेश शीघ्र जारी होने की सम्भावना है।

इंजीनियरिंग महाविद्यालय, तथा पोलीटेकनिक महाविद्यालय के लिये आयोजनेत्तर मद में स्वीकृत अस्थाई पदों का वर्ष 2007–08 का प्रस्ताव तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजा गया है। प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है, तथा निरन्तरता के आदेश शीघ्र जारी होने की संम्भावना है।

अतः आपसे निवेदन है कि, जब तक इंजीनियरिंग महाविद्यालय/पोलीटेकनिक संस्थाओं के अस्थाई पदों के प्रर्वतन आदेश शासन स्तर पर जारी नही होते तब तक संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों का वेतन देयक पारित करने का कष्ट करें, ताकि संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन भुगतान संस्था प्रमुख द्वारा करने में कोई कठिनाई न हो ।

कृपया इसे प्राथमिकता देने का कष्ट करें

संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/3/स्था/बी/2009/ 140 (A) /भोपाल दिनांक..24../जनवरी/2009
प्रतिलिपि :- निम्नांकित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषितः-

1. अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग मंत्रालय, भोपाल।

2. प्राचार्य, ~~इंजीनियरिंग~~/पोलीटेकनिक/~~महिला पोलीटेकनिक~~ महाविद्यालय.......... सतना .... को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित। कृपया इस संबंध में आप कोषालय अधिकारी से सम्पर्क करे ।

3. उपविभाग-- (1), बजट शाखा, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, म.प्र. भोपाल।

4. आहरण एवं संवितरण अधिकारी (लेखा) तकनीकी शिक्षा, संचालनालय म.प्र. भोपाल।

संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश